बिहार सरकार
<u>खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग</u>

पत्रांक– प्र010/विविध– 07/2020 4899 खाद्य, पटना/दिनांक 24.12.2020

प्रेषक,

विनय कुमार,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषयः– खरीफ विपणन मौसम 2020–21 में धान अधिप्राप्ति हेतु सभी पैक्स/व्यापारमण्डलों को दिनांक– 31.12.2020 तक क्रियाशील किये जाने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि दिनांक 24.12.2020 को अपराह्न 05.00 बजे से खरीफ विपणन मौसम 2020–21 में धान अधिप्राप्ति की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के दौरान लिये गये निर्णय के आलोक में जिला अन्तर्गत कार्यरत पैक्स/व्यापारमण्डलों को दिनांक– 31.12.2020 तक शतप्रतिशत क्रियाशील करते हुए किसानों से धान अधिप्राप्ति प्रारंभ कर दिये जाने का निर्णय लिया गया है । उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन मौसम 2020–21 हेतु धान अधिप्राप्ति के लिए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की समीक्षा के क्रम में कतिपय जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उनके जिलान्तर्गत कार्यरत सभी पैक्स एवं व्यापारमण्डलों को क्रियाशील नहीं किया जा सका है जो निश्चित रूप से एक गंभीर विषय है ।

अतः मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न विडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक के दौरान लिये गये निर्णय के आलोक में सभी जिला अन्तर्गत कार्यरत पैक्स/व्यापारमण्डलों को दिनांक– 31.12.2020 तक निश्चित रूप से क्रियाशील करते हुए सभी पैक्सों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति प्रारंभ कराने की कृपा की जाय । साथ ही यदि दिनांक– 31.12.2020 तक जिन पैक्स/व्यापारमण्डलों को क्रियाशील नहीं किया जाता है तो उन पैक्स/व्यापारमण्डलों का नाम काली सूची में दर्ज करते हुए भविष्य में अधिप्राप्ति कार्यों से पृथक रखने की कार्रवाई की जाय ।

विश्वासभाजन,

24.12.20

सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः– प्र010/विविध–07/2020 4899 खाद्य, पटना/दिनांक 24.12.2020

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी जिला पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांकः– प्र010/विविध– 07/2020 4899 खाद्य, पटना/दिनांक 24.12.2020

प्रतिलिपिः– सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/मुख्य महाप्रबंधक, अधिप्राप्ति, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, खाद्य भवन, पटना/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी/सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक प्र010/विविध– 07/2020 4899 खाद्य, पटना/दिनांक– 24.12.2020

प्रतिलिपि – मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/सचिव कोषांग एवं आई0टी0 मैनेजर, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।

D:\backup\Year_2018(Sec_10)\2015\KMS 2015-16 - Copy.doc